"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक "छत्तीसगढ़/दुर्ग/सी. ओ./रायपुर 17/2002."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 2] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 13 जनवरी 2006—पौष 23, शक 1927

विषय—सूची

भाग 1.—(1) राज्य शासन के आदेश, (2) विभाग प्रमुखों के आदेश, (3) उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं, (4) राज्य शासन के संकल्प, (5) भारत शासन के आदेश और अधिसूचनाएं, (6) निर्वाचन आयोग, भारत की अधिसूचनाएं, (7) लोक-भाषा परिशिष्ट.

भाग 2.—स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं.

भाग 3.—(1) विज्ञापन और विविध सूचनाएं, (2) सांख्यिकीय सूचनाएं.

भाग 4.—(क) (1) छत्तीसगढ़ विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद में पुरःस्थापित विधेयक, (ख) (1) अध्यादेश, (2) छत्तीसगढ़ अधिनियम, (3) संसद के अधिनियम, (ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अंतिम नियम.

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 2 जनवरी 2006

क्रमांक ई-1-21/2003/एक/2.—भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1997 आवंटन वर्ष के निम्नलिखित अधिकारियों को, आवंटन वर्ष से नौ वर्ष की सेवा दिनांक 1-1-2006 को पूर्ण कर लेने के फलस्वरूप, भा.प्र.से. (वेतन) नियम, 1954 के नियम 3 (1) के परन्तुक के अंतर्गत उक्त तिथि (1-1-2006) से सेवा के कनिष्ठ प्रशासनिक वेतनमान (रु. 12750-375-16500) में अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित—2006.

रूप से नियुक्त किया जाता है :—

स. क्र.	अधिकारी का नाम	वर्तमान पदस्थापना
1.	श्री सुबोध कुमार सिंह, 1997	कलेक्टर, रायपुर
2.	श्रीमती निहारिका बारिक, 1997	अपर आयुक्त, छत्तीसगढ़ भवन, नई दिल्ली
3.	श्री एम. के. त्यागी, 1997	संयुक्त सचिव, खनिज साधन विभाग तथा कार्यपालन संचालक, खनिज विकास निगम एवं विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी, पुनर्वास जिला दंतेवाड़ा पदेन संयुक्त सचिव, गृह विभाग.
4.	श्री जी. एस. धनंजय, 1997	संचालक, लोक शिक्षण

रायपुर, दिनांक 2 जनवरी 2006

क्रमांक ई-1-22/2005/एक/2.—भारतीय प्रशासनिक सेवा के निम्नलिखित अधिकारियों को अधिसमय वेतनमान (रु. 18400-500-22400) में पदोन्नत किया जाता है तथा उनके नाम के समक्ष उल्लेखित पद पर अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक पदस्थ किया जाता है :—

स. क्र.	अधिकारी का नाम	वर्तमान पदस्थापना	नवीन पदस्थापना
1.	श्री एस. के. पाठक, (1990)	सचिव, महामहिम राज्यपाल आयुक्त, भू-अभिलेख.	सचिव, महामहिम राज्यपाल एवं आयुक्त, भू-अभिलेख.
2.	श्री आर. पी. जैन, (1990)	विशेष सचिव, गृह विभाग	सचिव, गृह विभाग

रायपुर, दिनांक 2 जनवरी 2006

क्रमांक ई-1-23/2005/एक/2.—भारतीय प्रशासनिक सेवा के निम्नलिखित अधिकारियों को प्रवर श्रेणी वेतनमान (रु. 15100-400-18300) में पदोन्नत किया जाता है तथा उनके नाम के समक्ष उल्लेखित पद पर अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक पदस्थ किया जाता है :—

स. क्र. (1)	अधिकारी का नाम (2)	वर्तमान पदस्थापना (3)	नवीन पदस्थापना (4)
1.	श्री बी. एस. अनंत (1993)	संयुक्त सचिव, खाद्य, नागरिक, आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग एवं संचालक, खाद्य एवं नियंत्रक, नापतौल.	विशेष सचिव, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग एवं संचालक, खाद्य एवं नियंत्रक, नाप-तौल.

(1)	(2)	(3)	(4)
2.	श्री मनोहर पाण्डे (1993)	सचिव, लोक सेवा आयोग, छत्तीसगढ़	सचिव, लोक सेवा आयोग, छत्तीसगढ़
3.	श्री एस. के. तिवारी (1993)	कलेक्टर, महासमुन्द	कलेक्टर, महासमुंद

2. श्री अमित अग्रवाल, भा.प्र.से. (सीजी : 1993), जो वर्तमान में भारत सरकार के अधीन केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं, को छत्तीसगढ़ संवर्ग में उनसे कनिष्ठ अधिकारी श्री बी. एस. अनंत, भा.प्र.से. (सीजी : 1993) के प्रवर श्रेणी वेतनमान रु. 15100-400-18300 में पदोन्नति की दिनांक से, प्रवर श्रेणी वेतनमान में प्रोफार्मा पदोन्नति प्रदान की जाती है.

रायपुर, दिनांक 2 जनवरी 2006

क्रमांक ई-1-24/2005/एक/2.—डॉ. रोहित यादव, भा.प्र.से. (2002) को वरिष्ठ श्रेणी वेतनमान (रु. 10650-325-15850) में पदोन्नत किया जाता है. डॉ. रोहित यादव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, दंतेवाड़ा के पद पर आगामी आदेश तक यथावत् पदस्थ रहेंगे.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आर. पी. बगाई, मुख्य सचिव.

रायपुर दिनांक 24 दिसम्बर 2005

क्रमांक 1193/997/2005/1-8/स्था.—श्री एम. के. मंधानी, विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी, छत्तीसगढ़ मंत्रालय, सामान्य प्रशासन विभाग को दिनांक 16-1-2006 से 20-1-2006 तक 5 दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा दिनांक 14, 15 एवं 21, 22 जनवरी 2006 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

2. अवकाश अवधि में श्री मंधानी का कार्य श्री श्रीराम सेजकर, अवर सचिव, छ.ग. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग अपने कार्य के साथ-साथ संपादित करेंगे.

3. अवकाश से लौटने पर श्री एम. के. मंधानी, को वि.क.अ., छत्तीसगढ़ मंत्रालय, सामान्य प्रशासन विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

4. अवकाश अवधि में उन्हें अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा, जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

5. प्रमाणित किया जाता है कि श्री एम. के. मंधानी अवकाश पर नहीं जाते तो विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी, छत्तीसगढ़ मंत्रालय, सामान्य प्रशासन विभाग के पद पर कार्य करते रहते.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
पी. सी. सूर्य, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी.

रायपुर, दिनांक 23 दिसम्बर 2005

क्रमांक 1192/986/2005/1-8/स्था.—श्री ए. मिंज, संयुक्त सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, आदिमजाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग को दिनांक 26-12-2005 से 3-1-2006 तक 9 दिवस का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री मिंज को संयुक्त सचिव, आदिमजाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

3. अवकाश अवधि में उन्हें अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा, जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

4. प्रमाणित किया जाता है कि श्री मिंज अवकाश पर नहीं जाते तो संयुक्त सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, आदिमजाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग के पद पर कार्य करते रहते.

रायपुर, दिनांक 24 दिसम्बर 2005

क्रमांक 1196/989/2005/1-8/स्था.—श्री बी. एल. पवार, स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव कार्यालय को दिनांक 19-12-2005 से 24-12-2005 तक 6 दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा दिनांक 25-12-2005 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री बी. एल. पवार को स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव कार्यालय के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

3. अवकाश अवधि में उन्हें अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा, जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

4. प्रमाणित किया जाता है कि श्री बी. एल. पवार, अवकाश पर नहीं जाते तो, स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव कार्यालय के पद पर कार्य करते रहते.

रायपुर, दिनांक 27 दिसम्बर 2005

क्रमांक 1198/977/2005/1-8/स्था.—श्री एल. पी. दाण्डे, अवर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग को दिनांक 12-12-2005 से 16-12-2005 तक 5 दिवस का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा दिनांक 17 एवं 18-12-2005 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री दाण्डे को अवर सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

३. अवकाश अवधि में उन्हें अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा, जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

4. प्रमाणित किया जाता है कि श्री दाण्डे अवकाश पर नहीं जाते तो अवर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग के पद पर कार्य करते रहते.

रायपुर, दिनांक 27 दिसम्बर 2005

क्रमांक 1200/973/2005/1-8/स्था.—श्री एस. आर. सेजकर, अवर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग को दिनांक 2-1-2006 से 7-1-2006 तक 6 दिवस का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा दिनांक 8-1-2006 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

2. इनके अवकाश अवधि में श्रीमती विभा चौधरी, अवर सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग अपने कार्य के साथ-साथ श्री सेजकर का कार्य संपादित करेगी.

3. अवकाश से लौटने पर श्री सेजकर को अवर सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता है.

4. अवकाश अवधि में उन्हें अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा, जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

5. प्रमाणित किया जाता है कि श्री सेजकर अवकाश पर नहीं जाते तो अवर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के पद पर कार्य करते रहते.

रायपुर, दिनांक 27 दिसम्बर 2005

क्रमांक 1202/926/2005/1-8/स्था.—श्री ए. के. आर्य, अवर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, खनिज साधन विभाग को दिनांक 26-12-2005 से 6-1-2006 तक 12 दिवस का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री आर्य को अवर सचिव, खनिज साधन विभाग के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता है.

3. अवकाश अवधि में उन्हें अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा, जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

4. प्रमाणित किया जाता है कि श्री आर्य अवकाश पर नहीं जाते तो अवर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, खनिज साधन विभाग के पद पर कार्य करते रहते.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एम. के. मंधानी, विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी.

आदिमजाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 13 दिसम्बर 2005

क्रमांक डी 8745/1524/25-2/आ.जा.वि./05.—राज्य शासन वक्फ अधिनियम, 1995 की धारा 4 (1) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए एतद्द्वारा :—

1. श्री सुब्रत साहू, विशेष सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, आदिमजाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग, मंत्रालय, रायपुर को छत्तीसगढ़ राज्य के लिये वक्फ कमिश्नर के पद पर.

2. समस्त जिलाध्यक्षों को अपने-अपने जिलों के लिये अपर सर्वे आयुक्त वक्फ के पद पर, एवं

3. समस्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को अपने-अपने अधिकार क्षेत्र के लिये सहायक सर्वे आयुक्त वक्फ के पद पर नियुक्त करता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एम. के. राऊत, सचिव.

खनिज साधन विभाग

मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 21 दिसम्बर 2005

क्रमांक एफ-1/14/2004/12.—संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए छत्तीसगढ़ के राज्यपाल एतद्द्वारा छत्तीसगढ़ भौमिकी तथा खनिकर्म सेवा श्रेणी 1 तथा श्रेणी 2 सेवा भरती के संबंध में निम्नलिखित नियम बनाते है, अर्थात् :—

1. ***संक्षिप्त नाम तथा प्रारंभ:-*** (1) ये नियम "छत्तीगढ़ भौमिकी तथा खनिकर्म सेवा श्रेणी 1 तथा श्रेणी 2 सेवा भरती नियम, 2005" कहलाएगें ।

(2) ये नियम 'राजपत्र' में इनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत होंगे ।

2. ***परिभाषाऐं:-*** इन नियमों में, जब तक प्रसंग से अन्यथा अपेक्षित न हो:–

(क) सेवा के संबंध में 'नियुक्ति प्राधिकारी' से तात्पर्य शासन से है,

(ख) 'आयोग' से तात्पर्य छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग से है,

(ग) 'परीक्षा' से तात्पर्य नियम 12 से अन्तर्गत भरती के लिए ली गई प्रतियोगिता परीक्षा से है,

(घ) 'शासन' से तात्पर्य छत्तीसगढ़ शासन से है,

(ङ) 'राज्यपाल' से तात्पर्य छत्तीसगढ़ के राज्यपाल से है,

(च) 'अनुसूची' से तात्पर्य इन नियमों के संलग्न अनुसूची से है,

(छ) 'अनुसूचित जाति' से तात्पर्य है भारत के संविधान के अनुच्छेद 341 के अधीन इस राज्य के संबंध में विनिर्दिष्ट अनुसूचित जाति,

(ज) 'अनुसूचित जनजाति' से तात्पर्य है भारत के संविधान के अनुच्छेद 342 के अधीन इस राज्य के संबंध में विनिर्दिष्ट अनुसूचित जनजाति,

(झ) 'अन्य पिछड़ा वर्ग' से अभिप्रेत है राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर संशोधित छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग (आरक्षण प्रकोष्ठ) अधिसूचना कमांक एफ–8–5–पच्चीस–4–84, दिनांक 26.12.84 द्वारा यथाविनिर्दिष्ट नागरिकों के 'अन्य पिछड़ा वर्ग'।

(ञ) 'सेवा' से तात्पर्य छत्तीसगढ़ भौमिकी तथा खनिकर्म श्रेणी 1 तथा श्रेणी 2 सेवा से है,

(ट) 'राज्य' से तात्पर्य छत्तीसगढ़ राज्य से है.

3. ***विस्तार तथा प्रयुक्ति:-*** छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम 1961 में दिये गये उपबंधों की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, नियम इस सेवा के प्रत्येक कर्मचारी पर लागू होंगे.

4. ***सेवा का गठन:-*** सेवा में निम्नलिखित व्यक्ति होंगे, अर्थात्:–

(1) इन नियमों के लागू करते समय अनुसूची में उल्लिखित पदों पर मौलिक रूप से नियुक्त व्यक्ति,

(2) इन नियमों के लागू होने से पूर्व सेवा में भरती किये गये व्यक्ति तथा

(3) इन नियमों के उपबंधों के अनुसार सेवा में भरती किये गये व्यक्ति,

5. ***वर्गीकरण, वेतनमान इत्यादि:-*** सेवा का वर्गीकरण उसके लिये वेतनमान तथा सेवा में सम्मिलित पदों की संख्या इससे संलग्न अनुसूची एक में दिये गये उपबंधों के अनुसार होगी :

परन्तु शासन सेवा में होने वाले पदों की संख्या में, समय–समय पर स्थायी या अस्थायी तौर पर वृद्धि या कमी कर सकेगा.

6. ***भरती का तरीका:-*** (1) इन नियमों के लागू होने के बाद सेवा में भरती निम्नलिखित तरीकों से की जायेगी, अर्थात्:–

(क) प्रतियोगी परीक्षा/ चयन व्दारा सीधी भरती से,

(ख) भौमिकी तथा खनिकर्म सेवा श्रेणी 1 तथा 2 के सदस्यों की पदोन्नति द्वारा,

(ग) अनुसूची 2 में उल्लिखित अनुसार निर्दिष्ट सेवाओं में निर्दिष्ट पदों पर मौलिक रूप से नियुक्त व्यक्तियों के स्थानान्तरण द्वारा,

(2) उपनियम (1) के खण्ड (ख) अथवा (ग) के अधीन भरती किये गये व्यक्तियों की संख्या किसी भी समय (अनुसूची एक में उल्लिखित) पदों की संख्या के साथ अनुसूची दो में बताये गये प्रतिशत से अधिक नहीं होगी.

(3) इन नियमों के उपबंधों के अधीन भरती की किसी भी विशेष अवधि के दौरान भरे जाने के लिये अपेक्षित सेवा के किसी भी विशेष पद या पदों को भरने के प्रयोजन के लिये अपनाया जाने वाला भरती का तरीका या तरीके तथा प्रत्येक तरीके द्वारा भरती किये जाने वाले व्यक्तियों की संख्या प्रत्येक अवसर पर शासन द्वारा आयोग के परामर्श से निश्चित की जायेगी.

(4) उपनियम (1) में दी गई किसी बात के होते हुए भी, शासन की राय में सेवा की आवश्यकता देखते हुए आवश्यक होने पर शासन, आयोग से परामर्श करने के बाद, सेवा में भरती संबंधी उन तरीकों को छोड़, जिनका उक्त नियम में उल्लेख किया गया है, ऐसे अन्य तरीके अपना सकेगा, जो शासन द्वारा इस संबंध में जारी किये गये आदेश द्वारा निर्धारित किये जायें.

(5) सेवा में भरती करते समय " छत्तीसगढ़ लोकसेवा (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्ग के लिए आरक्षण) अधिनियम, 1994 " के प्रावधानों तथा इस अधिनियम में शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय समय पर जारी किये संशोधन भी लागू होंगे ।

7. ***सेवा में नियुक्ति:-*** इन नियमों के लागू होने के बाद सेवा में समस्त नियुक्तियाँ शासन द्वारा की जायेंगी और कोई भी नियुक्ति नियम 6 में उल्लिखित भरती के तरीकों में से किसी एक तरीके द्वारा चयन करने के बाद ही की जायेगी, अन्यथा नहीं.

8 .***सीधी भरती किये जाने वाले उम्मीदवारों की पात्रता संबंधी शर्तें:-*** चयन किये जाने के लिये पात्र होने के लिये उम्मीदवार को निम्नलिखित शर्तें पूरी करनी चाहिये, अर्थात:–

(एक) आयु– (क) चयन प्रारम्भ होने की तारीख के बाद आने वाली पहली जनवरी को उसने अपनी आयु के उतने वर्ष पूरे कर लिये हों (जितने की अनुसूची तीन के कालम 4 मे उल्लिखित हैं) किन्तु उतने वर्ष पूरे न किए हों जितने की (अनुसूची तीन के कालम 5 में उल्लिखित हैं)।

(ख) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग का हो तो आयु की अधिकतम सीमा में अधिक से अधिक 5 वर्ष तक की छूट दी जायेगी.

महिला अभ्यर्थियों की आयु, उच्चतम आयु सीमा के साथ समस्त पदों पर सीधी नियुक्ति के लिए आयु दस वर्ष शिथिलनीय होगी, किन्तु विधवा परित्यक्ता एवं तलाक शुदा महिला उम्मीदवार के लिये सामान्य उच्चतर आयु सीमा में पांच वर्ष की अतिरिक्त छूट का लाभ दिया जाएगा ।

(ग) उन उम्मीदवारों की अधिकतम आयु सीमा में, जो छत्तीसगढ़ शासन के कर्मचारी हों अथवा कर्मचारी रह चुके हों, निम्नलिखित सीमा तक तथा निम्नलिखित शर्तों के अधीन छूट दी जावेगी :–

(एक) ऐसा अभ्यर्थी, जो छत्तीसगढ़ का स्थाई अथवा अस्थायी सरकारी सेवक है, 38 वर्ष से अधिक आयु का नहीं होना चाहिये.

(दो) ऐसा अभ्यर्थी, जिसमें कार्यभारित कर्मचारी, आकस्मिकता से वेतन पाने वाला व्यक्ति तथा परियोजना कार्यान्वयन समिति, में नियोजित व्यक्ति सम्मिलित है, जो अस्थाई रूप से पद धारण करता है तथा किसी अन्य पद के लिये आवेदन करता है, 38 वर्ष से अधिक आयु का नहीं होना चाहिये.";

(तीन) जो उम्मीदवार छटनी किया गया शासकीय कर्मचारी हो, उसे अपनी आयु में से उसके द्वारा पहले की गई सम्पूर्ण अस्थायी सेवा की अधिक से अधिक 7 वर्ष तक की अवधि भले ही वह अवधि एक से अधिक बार की गई सेवाओं के कारण हो, कम करने की अनुमति दी जायेगी बशर्ते इसके परिणाम स्वरूप जो आयु, निकले वह अधिकतम आयु सीमा से 3 वर्ष से अधिक न हो.

व्याख्याः– शब्द "छटनी किये गये शासकीय कर्मचारी" से तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है जो इस राज्य अथवा किसी भी संघटक इकाई की अस्थायी शासकीय सेवा में कम से कम छः मास तक निरन्तर रहा हो तथा जो रोजगार कार्यालय के अपना पंजीयन कराने अथवा शासकीय सेवा में नियुक्ति हेतु अथवा आवेदन पत्र देने की तारीख से अधिक से अधिक तीन वर्ष पूर्व कर्मचारियों की संख्या में कमी किये जाने के कारण सेवा मुक्त किया गया हो।

(घ) जो उम्मीदवार भूतपूर्व सैनिक हो उसे अपनी आयु में से उसके व्दारा पहले की गई समस्त प्रतिरक्षा सेवा की अवधि कम करने की अनुमति दी जायेगी बशर्ते इसके परिणामस्वरुप जो आयु निकले, वह अधिकतम आयु से तीन वर्ष से अधिक न हो ।

व्याख्याः– शब्द "भूतपूर्व सैनिक" से तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है जो निम्नलिखित प्रवर्गों में से किसी एक प्रवर्ग में रहा हो तथा जो भारत्त सरकार के अधीन कम से कम छः माह की अवधि तक निरन्तर सेवा करता रहा हो तथा जिसकी किसी भी रोजगार कार्यालय में अपना पंजीयन करने अथवा शासकीय सेवा में नियुक्ति हेतु अन्यथा आवेदन पत्र देने की तारीख से अधिक से अधिक तीन वर्ष पूर्व मितव्ययिता इकाई की सिफारिशों के फलरूवरुप अथवा कर्मचारियों की संख्या में सामान्य रुप से कमी किये जाने के कारण छटनी की गई हो अथवा जो आवश्यक कर्मचारियों की संख्या से अधिक घोषित किया गया हों ।

(1) ऐसे भूतपूर्व सैनिक जिन्हें मस्टरिंग आऊट कन्सेशन के अधीन मुक्त कर दिया गया हो,

(2) ऐसे भूतपूर्व सैनिक जिन्हें दुबारा भरती किया गया हो, और (क) नियुक्ति की अल्पकालीन अवधि पूर्ण हो जाने पर, (ख) भरती संबंधी शर्ते पूर्ण हो जाने पर सेवामुक्त कर दिया गया हो,

(3) मद्रास सिविल इकाई (यूनिट) के भूतपूर्व कर्मचारी,

(4) संविदा पूरी होने पर सेवामुक्त किये गये अधिकारी (सैनिक तथा असैनिक) जिसमें अल्पावधि सेवा में नियमित कमीशन प्राप्त अधिकारी भी शामिल हैं,

(5) अवकाश रिक्तियां पर छः माह से अधिक समय तक निरन्तर कार्य करने के बाद सेवा–मुक्त किये गये अधिकारी,

(6) ऐसे भूतपूर्व सैनिक जिन्हें इस आधार पर सेवा से मुक्त किया गया हो कि अब वे सक्षम सैनिक नही बन सकेंगे,

(7) ऐसे भूतपूर्व सैनिक जिनको गोली लग जाने तथा घाव हो जाने इत्यादि के कारण सेवा से अलग कर दिया गया हो,

(ङ) परिवार कल्याण कार्यकम के अन्तर्गत ग्रीनकार्ड धारक उम्मीदवार को अधिकतम आयु सीमा में 2 वर्ष की छूट दी जाएगी,,

(च) आदिम जाति हरिजन तथा पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की अन्तर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजनान्तर्गत पुरस्कृत दम्मपतियों के सवर्ण पार्टनर को सामान्य अधिकतम आयु सीमा में पांच वर्ष तक की छूट दी जाएगी,,

(छ) विकम पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ी उम्मीदवारों को सामान्य अधिकतम आयु सीमा में पांच वर्ष की छूट दी जाएगी

(ज) छत्तीसगढ़ राज्य निगम/मंडल के कर्मचारियों को अधिकतम आयु सीमा में 38 वर्ष तक की आयु सीमा तक छूट दी जाएगी

(झ) स्वयं सेवी नगर सैनिकों एवं अनायुक्त अधिकारियों को उनके द्वारा पूर्ण की गई नगर सेना सेवा की अवधि के पूर्ण वर्षों के बारबर सामान्य अधिकतम आयु सीमा में छूट दी जाएगी । उपर्युक्तानुसार छूट की सीमा 8 वर्ष होगी अर्थात् ऐसी छूट देने पर संबंधित नगर सैनिक/अनायुक्त अधिकारी की आयु 38 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए,

टीपः– उपर्युक्त पैरा 8 (एक) (ग) (एक) तथा (दो) में उल्लिखित आयु संबंधी रियायतों के अन्तर्गत जिन उम्मीदवारों को परीक्षा/चयन के योग्य माना गया हो, वे यदि

आवेदन–पत्र भेजने के पश्चात् परीक्षा/चयन के पहले अथवा बाद में सेवा से त्याग पत्र दे दें तो नियुक्ति के पात्र नहीं होंगे । यथापि, यदि आवेदन–पत्र भेजने के पश्चात् उनकी सेवा अथवा पद से छटनी की जाए तो वे नियुक्ति के पात्र बने रहेंगे । किसी भी अन्य मामले में ये आयु सीमाएं शिथिल नही की जावेगी ।

विभागीय उम्मीदवार की चयन हेतु उपस्थित होने के लिये नियुक्ति प्राधिकारी से पूर्व अनुमति प्राप्त कर लेनी चाहिए ।

(त्र) उपरोक्त के अतिरिक्त आयु सीमा के संबंध में शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय समय पर जारी निर्देश

भी लागू होंगे ।

(दो) ***शैक्षणिक अर्हतायें***– उम्मीदवार के पास सेवा के लिये निर्धारित शैक्षणिक अर्हतायें होनी चाहिए जो कि इससे

संलग्न अनुसूची तीन में दर्शाई गई है परन्तुः–

(क) अपवादिक मामलों में आयोग शासन की सिफारिश पर किसी ऐसे उम्मीदवार को अर्ह समझ सकेगा, जिसके पास इसे खण्ड में निर्धारित अर्हताओं में से कोई अर्हता न हो किन्तु जिसने अन्य संस्थाओं व्दारा संचालित परीक्षा ऐसे स्तर से उत्तीर्ण की हो जिसके कारण आयोग उम्मीदवार को चयन के योग्य समझता हो, और

(ख) आयोग अपने विवेकानुसार चयन के लिये ऐसे उम्मीदवारों के मामलों पर भी विचार कर सकेगा जो अन्यथा अर्ह हो किन्तु जिन्होंने ऐसे विदेशी विश्वविद्यालयों से उपाधियां प्राप्त की हों जो शासन व्दारा विशिष्ट रूप से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय न हो.

(तीन) ***फीसः-*** उम्मीदवार को आयोग व्दारा निर्धारित फीस का भुगतान करना होगा.

9. ***अनर्हताः-*** उम्मीदवार की ओर से अपनी उम्मीदवारी के लिये सहायता प्राप्त करने हेतु किसी भी जरिये से किया गया कोई भी प्रयास आयोग व्दारा उसके चयन के संबंध में अनर्हता के रुप में माना जायेगा ।

10. ***उम्मीदवारों की पात्रता के संबंध में आयोग का निर्णय अन्तिम होगाः-*** परीक्षा में बैठने/चयन के संबंध में किसी भी उम्मीदवार की पात्रता अथवा अन्य बात के संबंध में आयोग का निर्णय अन्तिम होगा तथा आयोग व्दारा ऐसे किसी भी उम्मीदवार को, परीक्षा में बैठने को अनुमति नहीं दी/से साक्षात्कार (इन्टरव्यू) नहीं की, जायेगी जिसे आयोग ने प्रवेश प्रमाण पत्र न दिया हो ।

11. ***चयन व्दारा सीधी भरतीः-*** (1) सेवा में भरती के लिये चयन ऐसे अन्तर से किया जावेगा जिसे शासन द्वारा समय–समय पर आयोग से परामर्श कर निश्चित् करें.

(2) सेवा में उम्मीदवारों का चयन आयोग व्दारा उनके समक्ष भेंट करने के पश्चात् किया जावेगा.

(3)(क) सीधी भरती के लिये उपलब्ध रिक्त स्थानों में से 15 प्रतिशत तथा 18 प्रतिशत तथा 14 प्रतिशत स्थान कमशः अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित रहेंगे ।

(ख) महिलाओं के पक्ष में समस्त पदों के 30 प्रतिशत पद आरक्षित रहेंगे तथा उक्त आरक्षण सम–स्तर और प्रभागवार (होरीजेन्टल एण्ड कम्पार्टमेंट वाईज) होगा । शासन द्वारा निर्धारित आरक्षण रोस्टर के अनुसार पदों की भरती की जायेगी ।

(4) इस प्रकार रक्षित रिक्त स्थानों को भरते समय अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों की नियुक्ति पर विचार नियम (12) में निर्दिष्ट–सूची में आये उनके नामों के कम के अनुसार किया जायेगा चाहे अन्य उम्मीदवारों की तुलना में उनका सापेक्षित पद कुछ भी क्यों न था ।

(5) प्रशासन की दक्षता बनाएं रखने का समुचित ध्यान रखते हुए सेवा में नियुक्ति के लिये आयोग व्दारा चुने गये अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवार, उपनियम (3) के अधीन यथा स्थिति, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिये रक्षित रिक्त स्थानों पर नियुक्त किये जा सकेंगे ।

12. ***आयोग व्दारा सिफारिश किये गये उम्मीदवारों की सूचीः-*** (1) आयोग अपने व्दारा निश्चित् किये गये मानकों के अनुसार अर्ह उम्मीदवारों की योग्यता कम से बनाई गई सूची तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों की सूची, जो यद्यपि

उक्त मानक के अनुसार अर्ह नहीं हैं, किन्तु जिन्हें आयोग ने प्रशासन में दक्षता बनाएं रखने का समुचित ध्यान रखते हुए, सेवा में नियुक्ति के लिये उपयुक्त घोषित किया है, शासन को भेजेगा. यह सूची सर्वसाधारण की सूचना के लिये भी प्रकाशित की जावेगी.

(2) इन नियमों तथा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 के उपबंधों के अधीन उपलब्ध रिक्त स्थानों पर सूची में दिये गये नामों के कम से उम्मीदवारों की नियुक्ति के संबंध में विचार किया जायेगा.

(3) सूची में किसी उम्मीदवार का नाम सम्मिलित किये जाने संबंधी तथ्य ही उसे तब तक नियुक्ति का कोई अधिकार प्रदान नहीं करता, जब तक कि शासन ऐसी जांच करने के बाद जिसे वह आवश्यक समझे, इस बात से संतुष्ट नहीं हो जाय कि उम्मीदवार सेवा में नियुक्ति के लिये सभी प्रकार से उपयुक्त हैं ।

(4) चयन सूची आयोग व्दारा जारी किये जाने की तिथि से एक वर्ष की अवधि के लिये वैध होगी ।

13. ***पदोन्नति व्दारा नियुक्तिः-*** (1) पात्र उम्मीदवारों की पदोन्नति हेतु चयन करने के लिये एक समिति गठित की जायेगी, जिसमें

इससे संलग्न अनुसूची चार में उल्लिखित सदस्य होंगे ।

समिति में कम से कम एक सदस्य अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जनजाति का होगा, नहीं होने की स्थिति में एक सदस्य अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जनजाति का रखा जायेगा ।

(2) समिति की बैठक समान्यतया वर्ष में कम से कम एक बार होगी ।

(3) ऐसे पदों में जिनमें अनुसूची दो के कालम तीन में एक से अधिक पद हो, उन पदों के 15 प्रतिशत अनुसूचित जातियों तथा 23 प्रतिशत अनुसूचित जनजातियो के उन अधिकारियों/कर्मचारियों के लिये रक्षित हो जायेंगे जो नियम 14 के उपबंधो के अनुसार पदोन्नति के लिये पात्र होंगें । छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (पदोन्नति) नियम, 2003 में प्रथम श्रेणी एवं द्वितीय श्रेणी के पदोन्नति द्वारा भरे जाने वाले पदों के लिए माडल रोस्टर के अनुसार पदोन्नति की जाएगी ।

(4) उप नियम (3) में दर्शाए अनुसार अनुसूचित जाति तथा जनजाति के उम्मीदवारों के लिए प्रकिया शासन के सामान्य प्रशासन विभाग व्दारा इस संबंध में समय समय पर जारी किए गए निर्देशों के अनुसार रहेगी ।

14. ***पदोन्नति के लिए पात्रता संबधी शर्तेः-*** (1) उप नियम (2) की व्यवस्थाओं के अध्यधीन, समिति उन सभी व्यक्तियों के मामलों पर विचार करेगी जिन्होंने उस वर्ष की पहली जनवरी को इससे सलंग्न अनुसूची चार के कालम 2 में उल्लिखित पद/सेवा पर या किसी अन्य पद या पदों पर, जिन्हें शासन ने उनके समतुल्य घोषित किया हैं, स्थानापन्न या मौलिक रूप से उतने वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो जो अनुसूची चार के कालम तीन में अंकित है तथा विचारार्थ क्षेत्र में आते हों ।

स्पष्टीकरण — पदोन्नति के लिये पात्रता हेतु संगणना की रीति :— संबंधित वर्ष जिसमें विभागीय पदोन्नति समिति/छानबीन समिति आहूत की जाती है, की प्रथम जनवरी को अर्हकारी सेवा,की अवधि की गणना, उस कलेंडर वर्ष से की जाएगी,, जिसमें लोक सेवक फीडर संवर्ग/सेवा के भाग/पद के वतेनमान में आया है और फीडर संवर्ग/सेवा के भाग/पद के वेतनमान में आने की तारीख से नहीं ।

(2) (क) चयन के लिये विचारण क्षेत्र योग्यता सह–वरिष्ठता (मेरिट कम सीनियरटी) के आधार पर भरे जाने वाले पदों के संबंध में चयन सूची में सम्मिलित किये जाने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों की संख्या 1, 2 एवं 3 रिक्त पदों के लिये कमशः 5, 8 एवं 10 रहेगी और इसी प्रकार आगे गणना के लिये फार्मूला यह रहेगा कि प्रत्याशित रिक्तियों को दुगूना कर उसमें 4 जोड़ा जाये ।

(2) (ख) जब अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोक सेवक ऊपर दर्शाये गये अनुसार विचारण क्षेत्र में पर्याप्त संख्या में उपलब्ध नहीं हो, तो रिक्तियों की संख्या के सात गुने तक विचारण क्षेत्र बढ़ाया जा सकेगा और इस विस्तारित विचारण क्षेत्र में आने वाले अनुसूचित जाति

और अनुसूचित जनजाति के लोक सेवकों के नामों पर आरक्षित पदों को भरने के लिए विचार किया जाएगा ।

(2) (ग) उप नियम (2)(क) की प्रत्याशित रिक्तियों के अतिरिक्त, पूर्वोक्त अवधि के दौरान होने वाली अप्रत्याशित रिक्तियों को भरने के लिये, दो लोक सेवकों के या, चयन सूची में सम्मिलित लोक सेवकों की संख्या के 25 प्रतिशत, जो भी अधिक हो, के नाम चयन सूची में सम्मिलित करने के उद्देश्य से प्रत्येक प्रवर्ग के लिए अपेक्षित संख्या में लोक सेवकों के, जो विचारण क्षेत्र में हो, नामों पर विचार किया जाएगा ।

(2)(घ) तृतीय श्रेणी के पद से द्वितीय श्रेणी के पद पर तथा द्वितीय श्रेणी के पद से द्वितीय श्रेणी के पद पर तथा द्वितीय श्रेणी के पद से प्रथम श्रेणी के पद पर पदोन्नति के लिए व्यक्तियों की चयन सूची तैयार करने के लिए मानदण्ड ज्येष्ठता–सह–उपयुक्तता (सीनियारिटी सब्जेक्ट टू फिटनेस) तथा प्रथम श्रेणी के पद से प्रथम श्रेणी के पद पर पदोन्नति के लिए व्यक्तियों का चयन सूची तैयार करने के लिए मानदण्ड योग्यता–सह–ज्येष्ठता (मेरिट कम सीनियारिटी) होगा।

(3) (क) ऐसे मामलों में जहॉ पदोन्नति वरिष्ठता सह उपयुक्तता (सीनियारिर्टी कम फिटनेस) अथवा जिनमें पदोन्नति अनुपयुक्त व्यक्ति को छोड़कर वरिष्ठता के आधार पर की जानी हो वहॉ सभी वर्गों के लिये कोई भी विचारण क्षेत्र नहीं होगा । केवल उतनी ही संख्या में लोक सेवकों के मामालों पर वरिष्ठता के अनुसार विचार किया जाएगा, जो प्रत्येक प्रवर्ग के अधीन विद्यमान तथा एक वर्ष के दौरान सेवानिवृत्ति के कारण प्रत्याशित रिक्तियों की संख्या को भरने के लिए प्रर्याप्त होगी ।

(3) (ख) उप–नियम (3)(क) का प्रत्याशित रिक्तियों के अतिरिक्त पूर्वोक्त अवधि के दौरान होने वाली अप्रत्याशित रिक्तियों को भरने के लिए, दो लोक सेवकों के या चयन सूची में सम्मिलित लोक सेवकों की संख्या के 25 प्रतिशत, जो भी अधिक हो, के नाम चयन सूची में सम्मिलित करने के उद्देश्य से प्रत्येक प्रवर्ग के लिए अपेक्षित संख्या में लोक सेवकों के नाम पर विचार किया जाएगा ।

(4) शासन द्वारा पदोन्नति हेतु निर्धारित आरक्षण रोस्टर के अनुसार पदोन्नति की जाएगी ।

(5) छत्तीसगढ़ लोक सेवा (पदोन्नति) नियम, 2003 के अन्य प्रावधान भी यथास्थिति, पदोन्नति के संबंध में लागू होंगे ।

15. ***उपयुक्त अधिकारियों की सूची तैयार करना:-*** (1) समिति ऐसे व्यक्तियों की एक सूची तैयार करेगी, जो उपर्युक्त नियम 14 में निर्धारित शर्तों को पूरी करते हो तथा जिन्हें समिति सेवा में पदोन्नति के लिए उपयुक्त समझे । सूची में उतने नाम सम्मिलित किए जायेंगे, जितने सूची बनाने की तारीख से 1 वर्ष के भीतर सेवा निवृत्त तथा पदोन्नति के कारण रिक्त स्थान संभावित हों । इसके अतिरिक्त उक्त अवधि में होने वाले अप्रत्याशित रिक्त स्थानों को भरने के लिए सुरक्षित सूची तैयार की जाये ।

(2) उपयुक्त अधिकारियों की सूची छत्तीसगढ़ लोक सेवा (पदोन्नति) नियम 2003 के प्रावधानों के अनुसार तैयार किया जाएगी ।

(3) इस प्रकार तैयार की गई सूची का प्रति वर्ष पुनर्विलोकन तथा पुनरीक्षण किया जायेगा ।

(4) यदि इस प्रकार के चयन, पुनर्विलोकन अथवा पुनरीक्षण के दौरान यह प्रस्तावित किया जाय कि यथा स्थिति सिविल सेवा के किसी सदस्य का अधिकमण किया जाय, तो समिति प्रस्तावित अधिकमण के संबंध में अपने कारण को लेखबद्ध करेगी ।

16. ***आयोग से परामर्श:-*** आयोग के अध्यक्ष या सदस्य की अध्यक्षता में विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसा संविधान के अनुच्छेद 320 के खण्ड (3) के उपखण्ड (ख) के अधीन आयोग के साथ परामर्श की अपेक्षा का पालन किया गया माना जाएगा तथा पृथक से आयोग के साथ परामर्श किया जाना आवश्यक नहीं होगा ।

17. ***प्रवर सूची:-***

(1) आयोग, शासन से प्राप्त हुए अन्य दस्तावेजों के साथ–साथ समिति द्वारा तैयार की गई सूची पर विचार करेगा और यदि उसमें वह कोई परिवर्तन आवश्यक न समझे तो उसे अनुमोदित करेगा ।

(2) यदि आयोग शासन से प्राप्त सूची में कोई परिवर्तन करना आवश्यक समझे तो वह प्रस्तावित परिवर्तनों के संबंध में शासन को सूचित करेगा तथा शासन उस पर यदि कोई मत प्रकट करे तो

उस पर ध्यान देते हुए, ऐसे संशोधनों सहित, यदि कोई हो जो उसकी राय में न्यायोचित तथा उपयुक्त हो, सूची को अंतिम रूप से अनुमोदित कर सकेगा ।

(3) आयोग व्दारा अंतिम रूप से अनुमोदित सूची सेवा के सदस्यों की अनुसूची चार के कालम 4 में उल्लिखित पद पर अनुसूची चार के कालम 2 पर उल्लिखित पद से पदोन्नत करने के लिये प्रवर सूची होगी ।

(4) प्रवर सूची सामान्यतः तब तक लागू रहेगी, जब तक कि नियम 15 के उप नियम (3) के अनुसार उसका पुन पुनर्विलोकन अथवा पुनरीक्षण न किए जाएं, किन्तु इस सूची की वैधता इसके बनाने की तारीख से 18 महीने की अवधि के बाद नहीं बढ़ाई जा सकेगी ।

परन्तु प्रवर सूची में सम्मिलित किसी व्यक्ति की ओर से कर्तव्य के निर्वाह अथवा पालन में गंभीर चूक होने की स्थिति में शासन के कहने पर प्रवर सूची का विशेष रूप से पुनर्विलोकन किया जा सकेगा और यदि आयोग उचित समझे, तो प्रवर – सूची से ऐसे व्यक्ति का नाम हटा सकेगा ।

18. ***प्रवर सूची से सेवा में नियुक्तिः-*** (1) प्रवर सूची में सम्मिलित अधिकारियों की सेवा संवर्ग के पदों पर नियुक्तियाँ उसी कम से की जावेंगी जिस कम से ऐसे अधिकारियों के नाम प्रवर सूची में हो ।

परन्तु जहां प्रशासनिक आवश्यकता के कारण ऐसा करना आवश्यक हो, वहां किसी व्यक्ति का, जिसका नाम प्रवर सूची में न हो या प्रवर सूची में जिसका अगला नाम न हो, सेवा में नियुक्त किया जा सकेगा । यदि शासन को यह समाधान हो जाय कि रिक्त स्थान संभवतः तीन माह से अधिक अवधि के लिये नहीं हैं ।

(2) साधारणतः उस व्यक्ति की, जिसका नाम सेवा की प्रवर सूची में सम्मिलित हो, सेवा में नियुक्ति के पूर्व आयोग से परामर्श करना तब तक आवश्यक नहीं होगा जब तक कि प्रवर सूची में उसका नाम शामिल किये जाने तथा प्रस्तावित नियुक्ति की तारीख के बीच की अवधि में उसके कार्य में ऐसी कोई खराबी उत्पन्न न हो जाय जो शासन, की राय में सेवा में नियुक्ति के लिये उसे अनुपयुक्त सिद्ध करता हो ।

19. ***परिवीक्षाः-*** सेवा में पदोन्नत/सीधी भरती किया गया प्रत्येक व्यक्ति दो वर्ष की अवधि के लिये परिवीक्षा पर नियुक्ति किया जायेगा ।

20. ***निर्वचनः-*** यदि इन नियमों के निर्वचन के संबंध में कोई प्रश्न उठे तो उसे शासन को निर्दिष्ट किया जायेगा, और उस पर उसका निर्णय अंतिम होगा ।

21. ***छूटः-*** इन नियमों में दी गई किसी भी बात का यह अर्थ नहीं लगाया जायेगा कि वह ऐसे व्यक्ति के संबंध में, जिस पर ये नियम लागू होते हो, ऐसी रीति से कार्यवाही करने की राज्यपाल की शक्ति को सीमित या कम करती है जो उसको उचित और न्यायसंगत प्रतीत होता हो ।

परन्तु मामला ऐसी रीति से नहीं निपटाया जायगा जो कि इन नियमों में उपबंधित रीति की अपेक्षा उसके लिये कम अनुकूल हों।

22. ***व्यावृत्तिः-*** इन नियमों की कोई भी बात, राज्य सरकार व्दारा इस संबंध में समय–समय पर जारी किये गये आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों या अन्य पिछड़ा वर्ग के लिये उपबंधित किये जाने वाले अपेक्षित आरक्षण पर प्रभाव नहीं डालेगी ।

23. ***निरसनः-*** मध्यप्रदेश (भौमिकी तथा खनिकर्म श्रेणी 1 एवं श्रेणी 2) सेवा भरती नियम 1965 समसंख्यक अधिसूचना कमांक 4198–521–बारह दिनांक 17–6–1965 छत्तीसगढ़ राज्य में इसके विस्तार के संबंध में तथा इन नियमों के तत्स्थानी और इनके प्रारंभ होने के ठीक पहिले लागू सभी नियम इसके व्दारा, इन नियमों के अन्तर्गत आने वाले विषयों के संबंध में एतद् व्दारा निरसित किये जाते हैं ।

परन्तु, इस प्रकार निरसित नियमों के अधीन दिया गया कोई भी आदेश या की गई कार्यवाही इन नियमों के तत्स्थानी उपबंधों के अधीन दिया गया आदेश या की गई कार्यवाही समझी जायगी ।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एम. के. त्यागी, उप-सचिव.

अनुसूची एक
(नियम 6 देखिये)
सेवा में वर्गीकरण, वेतनमान और सेवा में सम्मिलित पदों की संख्या

क्र.	सेवा में सम्मिलित किए गए पदों के नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतनमान रूपये
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
		वर्ग एक		
1.	संचालक	1	वर्ग एक	16400–450–20000
2.	अपर संचालक	1	वर्ग एक	14300–400–18300
3.	संयुक्त संचालक (भौमिकी)	4	वर्ग एक	12000–375–16500
4.	संयुक्त संचालक (खनिज प्रशासन)	2	वर्ग एक	12000–375–16500
5.	संयुक्त संचालक (प्रयोगशाला)	1	वर्ग एक	12000–375–16500
6.	उप संचालक (भौमिकी)	14	वर्ग एक	10000–325–15200
7.	उप संचालक (वित्त एवं प्रशासन)	1	वर्ग एक	10000–325–15200
8.	उप संचालक (खनिज प्रशासन)	6	वर्ग एक	10000–325–15200
9.	मुख्य विश्लेषक	4	वर्ग एक	10000–325–15200
10.	उप संचालक (वेधन)	1	वर्ग एक	10000–325–15200
11.	उप संचालक (सांख्यिकी)	1	वर्ग एक	10000–325–15200
		वर्ग दो		
1	सहायक भौमिकीविद्	20	वर्ग दो	8000–275–13500
2.	खनि अधिकारी	12	वर्ग दो	8000–275–13500
3.	रसायनज्ञ	15	वर्ग दो	8000–275–13500
4.	सहायक संचालक (वेधन)	2	वर्ग दो	6500–200–10500
5.	सहायक भू–भौतिकीविद्	1	वर्ग दो	6500–200–10500
6	सांख्यिकीविद्	3	वर्ग दो	6500–200–10500
7	सहायक संचालक (प्रशासन)	1	वर्ग दो	6500–200–10500
8	सर्वे अधिकारी	1	वर्ग दो	6500–200–10500

टीप : (1) वर्ग एक के क्रमांक 11 के कालम 3 में एक सांख्येत्तर पद सम्मिलित है ।
(2) वर्ग दो के क्रमांक 4 के कालम 3 में एक सांख्येत्तर पद सम्मिलित है ।
(3) वर्ग दो के क्रमांक 6 के कालम 3 में दो सांख्येत्तर पद सम्मिलित है ।
(4) वर्ग दो के क्रमांक 7 में एक सांख्येत्तर पद सम्मिलित हैं ।

अनुसूची दो
(नियम 7 देखिये)
भरती का तरीका

क्र.	विभाग का नाम पद का नाम	पद की संख्या	भरे जाने वाले पदों की संख्या का प्रतिशत			टिप्पणियाँ
			सीधी भरती	पदोन्नति	स्थानांतरण	
1.	2.	3.	4.	5.	6.	7.
	वर्ग एक					
	खनिज साधन विभाग					
1	संचालक	1	—	100	—	पदोन्नति के लिये उम्मीदवार न मिलने की दशा में पद भारतीय प्रशासनिक सेवा केडर से प्रतिनियुक्ति से भरा जाए ।
2	अपर संचालक	1	—	100	—	
3	संयुक्त संचालक (भौमिकी)	4	—	100	—	
4.	संयुक्त संचालक (खनिज प्रशासन)	2	—	100	—	
5	संयुक्त संचालक (प्रयोगशाला)	1	—	100	—	
6.	उप संचालक (भौमिकी)	14	—	100	—	
7.	उप संचालक (वित्त एवं प्रशासन)	1	—	—	100	संचालनालय कोष एंव लेखा से प्रतिनियुक्ति से भरा जाए ।
8.	उप संचालक (खनि प्रशासन)	6	—	100	—	
9.	मुख्य विश्लेषक	4	—	100	—	
10	उप संचालक (वेधन)	1	—	—	100	राज्य अथवा केन्द्र शासन के विभाग/ निगम से प्रतिनियुक्ति से भरा जाए ।
11	उप संचालक (सांख्यिकी)	1	—	100	—	एक पद सांख्येत्तर है
	वर्ग दो					
1	सहायक भौमिकीविद्	20	100	—	—	
2	सहायक भू–भौतिकीविद्	1	—	100	—	पदोन्नति के लिये उम्मीदवार न मिलने की दशा में सीधी भरती से भरा जायेगा ।
3	खनि अधिकारी	12	50	50	—	
4	रसायनज्ञ	15	25	75	—	
5	सहायक संचालक (वेधन)	2	—	100	—	एक पद सांख्येत्तर है
6	सांख्यिकीविद्	3	—	100	—	दो पद सांख्येत्तर है
7	सहायक संचालक (प्रशासन)	1	—	100	—	एक पद सांख्येत्तर है
8	सर्वे अधिकारी	1	—	100	—	

टीप :– सीधी भरती समान्यतयाचयन द्वारा की जायेगी,, परन्तु अधिक संख्या में आवेदन प्राप्त होने पर प्रतियोगिता परीक्षा तथा चयन द्वारा भरती की जा सकेगी ।

अनुसूची तीन
(नियम 9 देखिए)
सीधी भरती किये जाने वाले व्यक्तियों की आयु तथा अर्हता ।

विभाग का नाम	क्र	पद का नाम	न्यूनतम आयु	अधिकतम आयु	निर्धारित शैक्षणिक अर्हताएं तथा अनुभव
1	2	3	4	5	6
खनिज साधन विभाग	1	सहायक भौमिकीविद्	21 वर्ष	30 वर्ष	भू–विज्ञान- (जिऑलजि)में स्नातकोत्तर की उपाधि या प्रयोगिक भू–विज्ञान में अनुप्रयुक्त भू–विज्ञान (एप्लाइड जिऑलजि) में एम.टेक उपाधि
	2	रसायनज्ञ	21 वर्ष	32 वर्ष	रसायनज्ञ शास्त्र में स्नातकोत्तर उपाधि, किसी ख्याति प्राप्त रसायन प्रयोगशाला में अयस्क तथा खनिजों के विशलेषण का तीन वर्ष का अनुभव
	3	खनि अधिकारी	21 वर्ष	30 वर्ष	भू–विज्ञान (जिऑलजि)में स्नातकोत्तर की उपाधि या प्रयोगिक भू–विज्ञान में अनुप्रयुक्त भू–विज्ञान (एप्लाइड जिऑलजि) में एम.टेक उपाधि
	4	सहायक भू–भौतिकीविद्	21 वर्ष	30 वर्ष	भू–भौतिकी में स्नातकोत्तर की उपाधि

अनुसूची – चार
(नियम 14 और 15 देखिये)

विभाग का नाम	उस सेवा/पद का नाम जिससे पदोन्नति की जावेगी	पात्रता की कालावधि	उस सेवा/पद का नाम जिस पर पदोन्नति की जावेगी	विभागीय पदोन्नति समिति के सदस्य (नियम 14)
1.	2.	3.	4.	5.
खनिज साधन विभाग	1. अपर संचालक	2 वर्ष	संचालक	1. अध्यक्ष – मुख्य सचिव 2. सदस्य – अपर मुख्य सचिव 3. सदस्य – अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव/ सचिव/ खनिज साधन विभाग 4. सदस्य सचिव–विशेष सचिव/ संयुक्त सचिव/उप–सचिव खनिज साधन विभाग
	2. संयुक्त संचालक (भौमिकी)/ संयुक्त संचालक (खनिज प्रशासन)	3 वर्ष	अपर संचालक	1. अध्यक्ष – अध्यक्ष लोक सेवा आयोग या उनके द्वारा नामंकित सदस्य । 2. सदस्य – अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव/सचिव, खनिज साधन विभाग 3. सदस्य सचिव – संचालक, भौमिकी तथा खनिकर्म छत्तीसगढ़
	3. उप संचालक (भौमिकी)	5 वर्ष	संयुक्त संचालक (भौमिकी)	
	4. उप संचालक (खनिज प्रशासन)	5 वर्ष	संयुक्त संचालक (खनिज प्रशासन)	
	5. मुख्य विश्लेषक	5 वर्ष	संयुक्त संचालक (प्रयोगशाला)	
	6. सहायक भौमिकी विद्	5 वर्ष	उप संचालक (भौमिकी)	
	7. खनि अधिकारी	5 वर्ष	उप संचालक (खनिज प्रशासन)	
	8. रसायनज्ञ	5 वर्ष	मुख्य विश्लेषक	
	9. सहायक खनि अधिकारी	5 वर्ष	खनि अधिकारी	
	10. सहायक रसायनज्ञ	5 वर्ष	रसायनज्ञ	
	11. ड्रीलर मैकेनिक	5 वर्ष	सहायक संचालक (वेधन)	
	12. सहायक सांख्यिकी अधिकारी	5 वर्ष	सांख्यिकीविद्	
	13. टोपो सर्वेयर	5 वर्ष	सर्वे ऑफिसर	
	14. वरिष्ठ तकनीकी सहायक	5 वर्ष	सहायक भू–भौतिकी विद	

रायपुर, दिनांक 21 दिसम्बर 2005

क्रमांक एफ–1/14/2004/12.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्र. एफ–1/14/2004/12, दिनांक 21 दिसम्बर, 2005 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एम. के. त्यागी, उप-सचिव.

Raipur, the 21st December 2005

No. F-1/14/2004/12.—In exercise of powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution of India, the Governor of Chhattisgarh hereby makes the following rules relating to the recruitment to the Chhattisgarh Geology and Mining, Class I and Class II service Recruitment Rules; namely :—

Rules

1. **Short title and commencement** :- These rules may be called the Chhattisgarh Geology and Mining, Class I and II Service Recruitment Rules,-2005

   These rules shall come into force with effect from the date of their publication in the "Official Gazette".

2. **Definitions** :- In these rules, unless the context otherwise, requires:-

   (a) "Appointing Authority" in respect of the service means the Government,

   (b) "Commission" means the Chhattisgarh Public Service Commission,

   (c) "Examination" means a competitive examination for recruitment to the Service of these rules held under rule 12,

   (d) "Government" means the Government of Chhattisgarh,

   (e) "Governor" means Governor of Chhattisgarh,

   (f) "Schedule" means the schedule appended to these Rules,

   (g) "Scheduled Caste" means the Schedule Cast as specified in relation to this State under article 341 of the Constitution of India,

   (h) "Scheduled Tribe" means the Schedule Tribe as specified in relation to this State under article 342 of the Constitution of India,

   (i) "Other Backward Class" means other backward classes of citizens as specified by the Notification No. F-8-5-25-4-84, dated 26.12.84 of Government of Chhattisgarh, General Administration Department (Reservation Cell), amended by the state Government time to time.

   (j) "Services" means the Chhattisgarh Geology and Mining Class I and Class II Service,

   (k) "State" means the State of Chhattisgarh.

3. **Scope and application**:- without prejudice to the generality of the provisions contained in the Chhattisgarh Civil Services (General Conditions of Service) Rules, 1961, these rules shall apply to every member of the Service.

4. **Constitution of the Service** :- The service shall consist of the following persons, namely:-

   (1) Persons who at the commencement of these rules are holding substantively the posts specified in the Schedules;

   (2) Persons recruited to the Service before the commencement of these rules; and

   (3) Persons recruited to the Service in accordance with the provisions of these rules.

5. **Classification, scale of pay, etc.**:- The classification of the Service, the scale of pay attached there to and the number of posts included in the Service shall be in accordance with the provisions contained in the Schedule I here annexed:

Provided that the Government may, from time to time, add to or reduce the number of posts included in the Service, either on a permanent or a temporary basis.

6. **Method of recruitment** :- (1) Recruitment to the Service, after commencement of these rules, shall be done by the following methods, viz.:-

(a) by direct recruitment by Competitive Examination / Selection;

(b) by promotion of substantive members of the Geology and Mining Class I and Class II Service;

(c) by transfer of persons who hold in a substantive capacity in such services as may be specified in schedule 2.

(2) The number of persons recruited under clause (b) or clause (c) of sub-rule (1) shall not at any time exceed the percentage shown in Schedule II of the number of duty posts (as specified in Schedule I).

(3) Subject to the provisions of these rules, the method or methods of recruitment to be adopted for the purpose of filling any particular vacancy or vacancies in the Service as may be required to be filled during any particular period of recruitment, and the number of persons to be recruited by each method, shall be determined on each occasion by the Government in consultation with the Commission.

(4) Notwithstanding anything contained in Sub-rule (1), if in the opinion of the Government the exigencies of the Service so require, the Government may, after consulting the Commission, adopt such methods of recruitment to the Service other than those specified in those sub-rule, as it may by order issued in the behalf, prescribe.

(5) At the time of recruitment, the provisions of Chhattisgarh Public Service (scheduled caste, scheduled tribe and other backward class reservation) Act 1994 and the amendment made in the Act by General Administration Department of Government time to time, will also be effective.

7. **Appointment to the Service** :- All appointments to the Service after the commencement of these Rules shall be made by the Government and no such appointment shall be made except after selection by one of the methods of recruitment specified in rule 6.

8. **Conditions of eligibility for direct recruitment candidate** :- In order to be eligible to be selected, as candidate must satisfy the following conditions, namely.-

(I) **Age** :- (a) He must have attained the age of (as in column 4 of Schedule III) but not attained the age of (as in column 5 of Schedule III), on the first day of January, which comes after the date of commencement of the selection.

(b) The upper age limit shall be relaxed up to a maximum of 5 years if a candidate belongs to a Scheduled Caste/Scheduled Tribe or other backward class.

The upper age limit for female candidates shall also be relaxed upto 10 year on all duty post of direct recruitment but an additional

relaxation of 5 years in general upper age limit shall be given to widow destitute and divorced female candidates.

(c) The upper age limit shall also be relaxed in respect of candidates who are or have been employees of the Chhattisgarh Government to the extent and subject to the conditions specified below:-

(i) A candidate who is a permanent or temporary /Government servant of Chhattisgarh should not be more than 38 years of age

(ii) A candidate holding a temporary post, including work charged employees, person getting pay from contingency and person employed in Project Implementation committee, applies for any other post should not be more than 38 years in age.

(iii) A candidate who is a retrenched Government servant shall be allowed to deduct from his age the period of all temporary services previously rendered by him up to a maximum limit of 7 years even if it represents more than one spell provided that the resultant age does not exceed the upper age limit by more than three years.

Explanation:- The term "retrenched Government servant" denotes a person who was in temporary Government service of this State or of any of the constituent units, for a continuous period of not less than six months and who was discharged because of reduction in establishment not more than three years prior to the date of his registration at the employment exchange or of application made otherwise for employment in Government service.

(d) A candidate who is an ex-serviceman (Military) shall be allowed to deduct from his age the period of all defence service previously rendered by him provided that the resultant age does not exceed the upper age limit by more than three years.

Explanation:- The term "ex-serviceman" (Military) denotes a person who belonged to any of the following categories and, who was employed under the Government of India for a continuous period of not less than six months and who was retrenched or declared surplus as a result of the recommendation of the Economy Unit or due to normal reduction in establishment not more than three years before the date of his registration at any employment exchange or of application made otherwise for employment in Government service:-

(1) Ex-servicemen (Military) released under mustering out concessions,

(2) Ex-servicemen (Military) enrolled for the second time and retired (a) on completion of short-term employment (b) after fulfilling the condition of recruitment,

(3) Ex-personnel of Madras Civil Unit,

(4) Officers (Military & Civil) discharged on completion of their contract (including short-service Regular Commissioned Office),

(5) Offices discharged after working for more than six months continuously against leave Vacancies,

(6) Ex-servicemen discharged on the ground that they are unlikely to become efficient soldiers,

(7) Ex-servicemen who are medically discharged account of gun-shot, wounds, etc.

(e) Relaxation of two years in maximum age limit shall be given to a candidate holding green card and family, welfare programme.

(f) Relaxation of five years in general maximum age limit shall be given to general category partner of a couple, prized under the intercaste marriage promotion scheme of schedule caste/tribe and backward class welfare department.

(g) Relaxation of five years in general maximum age limit shall be given to a player candidate awarded with Vikram Puraskar.

(h) Relaxation upto 38 years age limit in maximum age limit shall be given to the employee of Chhattisgarh State Corporation/Board.

(i) Relaxation, of the period equals to the services rendered by volunteer home guards and non-commissioned officers in home guard service shall be given in general maximum age limit. Limit of this relaxation will be 8 years, means the age of home guard/non-commissioned officer should not be more than 38 years including this relaxation.

N.B.- Candidates who are admitted to the selection under the age concessions mentioned in paragraph 8 (I) (c) (i) and (ii) above will not eligible for appointment if after submitting the application, they resign from service either before or after the selection. They will however, continue to be eligible if they are retrenched from the service or post after submitting the applications. In no other case will these age limits be relaxed.

Departmental candidates must obtain previous permission of the appointing authority to appear for the selection.

(j) In addition to above, the instructions issued from time to time by General Administration Department regarding age limit will be applicable.

(II) **Educational qualifications :-** The candidate must possess the educational qualifications prescribed for the service as shown in Schedule III. Provided that :- (a) In exceptional cases the Commissions may, on the recommendation of the Government, treat as qualified candidate, who though not possessing any of the qualifications prescribed in this clause, has passed examination conducted by other institutions by such a standard which, in the opinion of the Commission, justifies the consideration of the candidate for selection, and

(b) Candidates who are otherwise qualified but have taken degrees from foreign Universities, being Universities not specifically recognized by Government may also be considered for selection/admitted to the examination at the discretion of the commission.

(III) **Fee:-** Candidate would have to pay fee prescribed by the Commission.

9. **Disqualification:-** Any attempt on the part of a candidate to obtain support for his candidature by any means may by the commission to disqualify him for admission/selection to the examination.

10. **Commission's decision about the eligibility of candidates shall be final:-** The decision of the Commission, as to the eligibility or otherwise of a candidate for appearing the examination selection shall be final and no candidate to whom a certificate of admission has not been issued by the Commission shall be permitted to appear in the examination/interviewed by the Commission.

11. **Direct Recruitment by Competitive Examination :-** (1) A competitive Examination for recruitment to the service shall be held at such intervals as the Government may in consultation with the commission from time to time determine.

(2) The examination shall be conducted by the commission in accordance with such order as the Government from time to time in consultation with commission.

11-A. **Direct Recruitment by selection:-** (1) Selection for recruitment to the services shall be held at such intervals as the Government may, in consultation with the Commission, from time to time, determine.

(2) The selection of candidates for the Service shall be made by the Commission after interviewing them.

(3) (a) 15 percent and 18 percent and 14 percent of the available vacancies for direct recruitment shall be reserved for candidates who are members of the Scheduled Castes, Scheduled Tribes and other backward class respectively.

(b) Reservation for women candidates shall be applicable as per provisions of the Chhattisgarh Civil services (Special provision for appointment of Women) Rules, 1997.

